तेरा नज़रे कर्म मुझ पर

तेरा नज़रे कर्म मुझ पर
प्रभु इक बार हो जाए,
मेरी सूनी पड़ी बगिया
प्रभु गुलज़ार हो जाए ,

सुना हमने बहुत बाबा
संवारी बिगड़ी लाखों की
मेरी भी थाम लो नैया
कि ये भी पार हो जाए
तेरा नज़रें करम....

मेरी हर सांस चाहती है
श्याम तेरा भजन करना
हो ऐसा भाव होंठो पर
तुझे स्वीकार हो जाए
तेरा नज़रें करम....

मेरे जीवन की ए बाबा
सिर्फ ये एक ख्वाहिश है
ले अंतिम सांस जब आदि
तेरा दीदार हो जाए
तेरा नज़रें करम....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19867/title/tera-najre-karm-mujh-par

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |